# प्रेस नोट

**थाना पिलखुवा** **दिनांक:- 27-09-2023**

- **जनपदीय साइबर सैल व थाना पिलखुवा पुलिस ने बैंक अधिकारी/कर्मचारी बनकर भोले-भाले लोगों को लोन दिलाने के नाम पर उनके महत्वपूर्ण दस्तावेज (आधार कार्ड, पैन कार्ड व कैंसिल चैक आदि) कोरियर से मंगवाकर उनमें एडिटिंग कर धोखाधडी से उनके बैंक खातों से रुपये निकालने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 02 शातिर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार।**
- **जिनके कब्जे से 25 चैक, नकदी, 05 डेबिट कार्ड, घटना में प्रयुक्त 05 मोबाइल, एक बोतल ACETONE COMPOUND (Paint Removal Liquid), एक कॉटन रोल व एक आई-20 कार बरामद।**
- **गिरफ्तार अभियुक्तगण लोगों को कॉल कर अपने आप को बैंक अधिकारी/कर्मचारी बताते हुए उन्हे अपनी बातों में फंसाकर कम ब्याज दर पर लोन दिलाने का लालच देकर उनके आधार कार्ड, पैन कार्ड व कैंसिल चैक आदि कोरियर से मंगवाते थे और फिर Paint Removal Liquid व रुई के माध्यम से चैक पर लिखे CANCEL को मिटाकर उस चैक पर अपना खाता संख्या व धनराशि भरकर बोरजो कोरियर कम्पनी के माध्यम से चैक को बैंक में जमा कराकर चैक की धनराशि को फर्जी खाते में ट्रांसफर करा लेते थे।**
- **गिरफ्तार अभियुक्तगण द्वारा थाना धौलाना क्षेत्र में एक वर्ष पूर्व इसी प्रकार की करीब एक लाख रुपये से अधिक की ठगी की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना धौलाना पर मु0अ0सं0 210/23 धारा 420,467,468,471 भादवि पंजीकृत है।**
- **गिरफ्तार अभियुक्तगण शातिर किस्म के अपराधी/ठग हैं, जो पिछले करीब एक वर्ष से इस प्रकार के अपराध में संलिप्त थे। जिनके द्वारा एनसीआर क्षेत्र के जनपदों व अन्य राज्यों में इस तरह की घटनाओं अंजाम देकर लगभग 17 लाख रुपये का ठगी की जा चुकी है।**

**कार्यवाही:-**



हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं साइबर सम्बन्धी अपराधों की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत जनपदीय साइबर सैल व थाना पिलखुवा पुलिस द्वारा थाने के मु0अ0सं0 476/23 धारा 420,467,468,471, 120बी भादवि व 66डी आईटी एक्ट का सफल अनावरण करते हुए बैंक कर्मचारी बनकर भोले-भाले लोगों को लोन दिलाने के नाम पर उनके आधार कार्ड, पैन कार्ड व कैंसिल चैक आदि कोरियर से मंगवाकर धोखाधडी से उनके खाते से रुपये निकालने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 02 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे से 25 चैक, नकदी, 05 डेबिट कार्ड, घटना में प्रयुक्त 05 मोबाइल, एक बोतल **ACETONE COMPOUND (paint removal liquid)**, एक कॉटन रोल व एक आई-20 कार बरामद हुई है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## पूछताछ का विवरणः-

गिरफ्तार अभियुक्तगण ने पूछताछ करने पर बताया कि हम लोग जरुरतमंद लोगों को पर्सनल लोन दिलाने के नाम पर कॉल करके विश्वास में लेने के लिये KOTAK MAHINDRA BANK का अधिकारी/कर्मचारी बनकर फर्जी पहचान पत्र (जिस पर सुधीर नाम लिखा हुआ है) व्हॉटसएप पर भेजकर भोले-भाले लोगों का आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक का स्टेटमेंट व केंसिल चैक को कोरियर कम्पनी बोरजो के माध्यम से मंगवाकर चैक पर लिखे CANCEL को Paint Removal Liquid को एक कॉटन पर लगाकर धीरे-धीरे चैक पर लिखे CANCEL पर रगडकर मिटाते थे तथा उसमें मार्कर पैन से धनराशि व नाम भरकर बैंक में बोरजो कोरियर कम्पनी के माध्यम से चैक भेज देते थे। हम लोग स्वयं किसी व्यक्ति के पास जाकर चैक आदि प्राप्त नहीं करते थे और न ही बैंक में चैक लगाने स्वयं जाते थे। इसी प्रकार हम लोगों ने थाना पिलखुवा क्षेत्र निवासी विशाल तोमर के साथ 53,000/- रुपये की ठगी की थी।

**गिरफ्तारी का स्थान व समयः-** धौलाना कट के पास व दिनांक 26.09.2023 समय करीब 13:30 बजे।

## गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पताः-

1. मनोज पुत्र शंकरलाल राजपूत निवासी म0नं0 742 सी-ब्लॉक मंगोलपुरी थाना राजपार्क उत्तर पश्चिम दिल्ली व हाल पता एन-01/51 खाटूश्याम सोसाइटी बुधविहार फेस-01 थाना विजय बिहार दिल्ली।
2. नील पुत्र हरपाल सिंह मेहरा निवासी म0न0 289 यू-ब्लॉक मंगोलपुरी नॉर्थ वेस्ट दिल्ली।

## बरामदगी का विवरणः-

1. 25 चैक।
2. 900/- रुपये नकदी।
3. 05 डेबिट कार्ड।
5. घटना में प्रयुक्त 05 मोबाइल, एक बोतल **ACETONE COMPOUND (paint removal liquid),** एक कॉटन रोल व एक आई-20 कार।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. उ0नि0 श्री विनीत कुमार मलिक साइबर सैल जनपद हापुड़।
2. उ0नि0 श्री राजवीर कुमार थाना पिलखुवा जनपद हापुड़।
3. है0का0 548 जसवंत कुमार साइबर सैल जनपद हापुड़।
4. है0का0 803 दीपक कुमार साइबर सैल जनपद हापुड़।
5. है0का0 647 सुनील कुमार साइबर सैल जनपद हापुड़।
6. है0का0 709 गौरव निर्वाल थाना पिलखुवा जनपद हापुड़।
7. है0का0 580 राजेन्द्र सिंह थाना पिलखुवा जनपद हापुड़ ।
8. है0का0 54 अभिषेक कुमार थाना पिलखुवा जनपद हापुड़।
9. का0 08 सौरभ ढ़ाका साइबर सैल जनपद हापुड़।
10. का0 883 रुचिन मलिक थाना पिलखुवा जनपद हापुड।
11. चालक का0 विजय कुमार थाना पिलखुवा जनपद हापुड।